कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग
रामनगर (नैनीताल)
dfo_ramnagar@rediffmail.com, दूरभाष / फैक्स नं0 05947–251362

पत्रांकः–1041 /26-1 दिनांक,रामनगर 01-11- 2021

सेवा में,

सहायक महाप्रबन्धक,
ट्रान्समीशन जी0एम0टी0डी0 हल्द्वानी
बी0एस0एन0एल0।

विषयः– **भारत सरकार की "भारत–नेट / नोफन परियोजना" के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम टेड़ा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बेलगढ़ फॉरेस्ट चैक पोस्ट तथा बेलगढ़ फॉरेस्ट चौक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे–किनारे आप्टिकल फाईवर केविल डालने हेतु संरक्षित वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के सम्बंध में।**

सन्दर्भः– **वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त उत्तराखण्ड हल्द्वानी का पत्रांक 627 / 12–1 दिनांक 30.10.2021।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें , जिसके माध्यम से विषयांकित प्रकरण पर वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी द्वारा आपत्ति लगायी गयी है। अतः उक्त प्रस्ताव मूल में इस आशय से लौटाये जाते है कि स्थिति स्पष्ट करते हुये तद्नुसार स्पष्ट प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सुलभ सन्दर्भ हेतु सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग रामनगर

कार्यालय वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)

अरण्य भवन, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) दूरभाष/फैक्स : 05946–220003 ई.मेल : cfwkum-forest-uk@nic.in.

पत्रांक– 627 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक, अक्टूबर, 30-10- 2021.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग,
रामनगर।

विषयः– भारत सरकार की "भारत–नेट/नोफन परियोजना" के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम टेढ़ा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट तथा बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे–किनारे ऑप्टिकल फाईबर केबल डालने हेतु संरक्षित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपकी पत्र संख्या 992/12–1 दिनांक 24.10.2021।

महोदय,

संदर्भित पत्र से आपके द्वारा भारत सरकार की "भारत–नेट/नोफन परियोजना" के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम टेढ़ा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बेलगढ फॉरेस्ट चेक पोस्ट तथा बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे–किनारे ऑप्टिकल फाईबर केबल डालने हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, उक्त प्रस्ताव के निर्धारित प्रारूपों में संरक्षित वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव अंकित किया गया है जबकि लैण्ड शैड्यूल में आरक्षित वन भूमि का विवरण दिया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव मूल में संलग्न कर इस आशय से लौटाये जाते है कि स्थिति स्पष्ट करते हुए तदनुसार स्पष्ट प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(राहुल)
वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय वन संरक्षक पश्चिमी वृ०
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी